17-1/Acd/CSU/Project/2024/1650

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
**(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)**
**जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058**

## अधिसूचना

दिनांक 03.07.2025

**विषय: छात्रों के लिए अल्पावधि कौशल विकास पाठ्यक्रम विकसित करने हेतु (Short Term Skill Development Course) विश्वविद्यालय प्राध्यापकों से आवेदन आमंत्रण।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के परिसरों में कार्यरत प्राध्यापकों से अल्पावधि कौशल विकास पाठ्यक्रमों के निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस संबंध में निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया जाना अपेक्षित है –

1. केवल केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसरों में कार्यरत शिक्षक (नियमित/संविदा/अतिथि) ही आवेदन के पात्र होंगे।
2. प्रत्येक शिक्षक अधिकतम तीन (3) पाठ्यक्रमों को विकसित करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3. पाठ्यक्रम को यूजीसी/के.सं.वि. के दिशा-निर्देशों/संरचना के अनुसार विकसित करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए न्यूनतम 12 और अधिकतम 30 क्रेडिट्स निर्धारित किए जा सकते हैं।
5. पाठ्यक्रम की अवधि 3 से 6 माह के बीच होनी चाहिए।
6. इन पाठ्यक्रमों की परीक्षा एवं प्रमाण पत्र प्रदान करने की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।
7. पाठ्यक्रमों से प्राप्त शुल्क का 60 % संबंधित प्राध्यापक को (परिसर निदेशक द्वारा) दिया जाएगा, और 40 % विश्वविद्यालय के पास रहेगा।
8. इन पाठ्यक्रमों के शिक्षण कार्य यूजीसी/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शिक्षण कार्यभार के अतिरिक्त किया जाएगा।
9. इन पाठ्यक्रमों को 'अल्पावधि कौशल विकास पाठ्यक्रम' के नाम से जाना जाएगा।
10. प्रस्तावित पाठ्यक्रमों को के.सं.वि. मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रक्रिया के द्वारा अनुमोदन दिया जाएगा।
11. सभी शिक्षकगण को समय-समय पर विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों एवं दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
12. पाठ्यक्रम निर्माण से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश यूजीसी के दिशा-निर्देशों में उल्लिखित हैं।
13. यदि कोई शिक्षक सूचीबद्ध विषयों से इतर किसी अन्य विशेष क्षेत्र में पाठ्यक्रम विकसित करना चाहता है, तो उस विशेषज्ञता का क्षेत्र तथा प्रस्तावित पाठ्यक्रम का शीर्षक स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।
14. आवेदन नीचे दिए गए गूगल फार्म लिंक के माध्यम से किया जा सकता है।
15. आवेदन की अंतिम तिथि: 30 जुलाई, 2025 होगी।

Google Link/QR Code – https://forms.gle/u1XXAv1Ni5xK1rTYA

**(प्रो. मदन मोहन झा)**
**अधिष्ठाता (शै.मा.)**

प्रतिलिपि –

1. कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3. परीक्षा नियंत्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
5. समस्त परिसर निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
6. समस्त विद्यास्थान अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
7. समस्त परिसर प्राध्यापक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
8. परियोजना अधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)
9. संबद्ध पंजिका